आजादी का अमृत महोत्सव

पीएफसी ने मेघालय में मनाया आजादी का अमृत महोत्सव
2 अक्तूबर 2021

कंपनी द्वारा ऊर्जा दक्षता जागरूकता उत्पन्न करने के लिए स्थानीय समुदाय में एलईडी बल्ब वितरित किए जाते हैं

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) ने महात्मा गांधी जयंती पर ऊर्जा दक्षता अभियान चलाकर भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाया। ये अभियान दो अलग स्थानों पर आयोजित किए गए थे - पहला मेघालय में पीएफसी द्वारा वित्तपोषित 40 मेगावाट न्यू अम्पट्ट हाइड्रो पावर प्लांट में और दूसरा बिरनीहाट इंस्पेक्शन बंगला में।

हरित ऊर्जा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, मेघालय के रिभोई क्षेत्र के स्थानीय समुदाय के बच्चों और महिलाओं के लिए जागरूकता अभियान आयोजित किए गए थे, जिसका उद्देश्य उन्हें इस बारे में जागरूक करना था कि कैसे एलईडी का उपयोग ऊर्जा की खपत को काफी कम कर सकता है और उनके बिजली के बिलों को कम करके पैसे बचा सकता है।

श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीएफसी ने श्री प्रवीण कुमार सिंह, निदेशक (वाणिज्यिक) और अतिरिक्त प्रभार-निदेशक (परियोजना), पीएफसी के साथ स्थानीय समुदाय के बच्चों को लगभग 250 एलईडी बल्ब वितरित किए। इस अवसर पर श्री आर. रहमान, कार्यपालक निदेशक (सीएसआर एवं पीआर) के साथ एमईपीसीएल और पीएफसी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

PFC